प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड समेत नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान राज्यों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में उग्रवाद प्रभावित सभी आठ राज्यों में विकास योजनाएं चला रहे केंद्रीय मंत्रालयों के पांच मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

****

केंद्र सरकार झारखंड समेत देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे दीवारें खड़ी कर यात्रियों के सफर को सुरक्षित बनाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब निर्माण कंपनी और ठेकेदार राजमार्ग के निर्माण के साथ उसके किनारे तय मानक के अनुसार सुरक्षा दीवार भी बनाएगी। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा जानवरों से छुटकारा मिलेगा और अवैध प्रवेश बंद होगा। इसके साथ ही राजमार्गों की भूमि पर अवैध कब्जा भी नहीं हो सकेगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस सम्बन्ध में परिपत्र जारी कर दिया है।

****

आगामी विधानसभा चुनाव–2024 की तैयारियों को लेकर साहेबगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त हेमंत सती ने आज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए जा रहे रीसिविंग–सह–मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजमहल, बोरियो, बरहेट, पोस्टल बैलेट, बृजगृह, सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, रीसिविंग गैलरी, मीडिया गैलरी को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप,उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू उपस्थित थे।

****

राज्य के शहरी क्षेत्र स्थित स्कूलों में कार्यरत पारा शिक्षकों के मानदेय में चार फीसदी की वृद्धि की गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर जारी आदेश के अनुसार पारा शिक्षकों को पहली जनवरी 2023 से इसका लाभ मिलेगा। मानदेय बढ़ोत्तरी की राशि वेतन के साथ एरियर के रूप में मिलेगी।

****

दुर्गापूजा के दौरान राज्य भर में दस हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों को सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद ये सभी अतिरिक्त जवान सात से 14 अक्टूबर तक विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने बताया कि राजधानी रांची समेत सभी जिलों में सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गई है।

****

सरायकेला खरसावां जिले में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथं ही विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

****

राजधानी रांची समेत राज्य में कई हिस्सों में अगले चार दिनों तक गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची के अलावा खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, और गिरिडीह जिले में इसका असर देखा जा सकता है। इसके अलावा संताल परगना के एक – दो हिस्सों में अच्छी

बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बारिश और वज्रपात की आशंका के कारण येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में रांची की टीम 71 पदक जीत कर तालिका में शीर्ष स्थान पर रही। वहीँ, पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने 34 और सरायकेला–खरसांवा की टीम ने 15 पदक जीते। ताइक्वांडो और तीरंदाजी में रांची और बॉलीवॉल में रामगढ़ की टीम विजेता बनी। पूरे प्रतियोगिता का आयोजन रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ।

*******समाप्त*******